जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश

Directorate of Public Relations, Madhya Pradesh

क्रमांक ए-10-18/2014-16/जसंसं/स्था./2001 भोपाल, दिनांक 14 / 3 /2016

प्रति,

श्री.......................................

संभागीय/जिला जनसंपर्क कार्यालय

.... (म.प्र.)

विषयः- सिंहस्थ महापर्व के अवसर पर शासकीय सेवकों की उज्जैन में सम्बद्धता ।

आप अवगत हैं कि उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व का आयोजन 22 अप्रैल से 21 मई 2016 तक होगा। विभागीय दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों की सम्बद्धता उज्जैन में शीघ्र ही की जाना है।

विभाग में कार्यरत शासकीय सेवकों की संख्या और पूर्व अनुभवों के आधार पर दो पारी में ड्यूटी लगाई जाना प्रस्तावित है। प्रथम पारी 15 अप्रैल से 04 मई 2016 और द्वितीय पारी 01 मई से 22 मई 2016 तक रहेगी।

अपने कार्यालय में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को यथासंभव 15 अप्रैल से 22 मई 2016 के बीच कोई अवकाश स्वीकृत न करें। अपरिहार्य परिस्थिति में अवकाश इस प्रकार स्वीकृत किए जायें कि सिंहस्थ आयोजन के प्रचार-प्रसार व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।

जनसंपर्क संचालनालय द्वारा दोनों पारियों के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों के सम्बद्धता संबंधी आदेश जारी होने के पश्चात् सभी को निर्धारित तिथि पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में देना होगी।

(अनुपम राजन)
आयुक्त, जनसंपर्क

Jansampark Bhawan, Banganga, Bhopal-462003, Telex-0705-221/Fax-0755-2550358/E-mail : cprnews@mpinfo.org
Telephone : Comm. : 0755-2556831, PBX : 0755-4096300

जनसंपर्क भवन, बाणगंगा, भोपाल–462003, टेलेक्स : 0705-221/फैक्स : 0755-2550358/ई–मेल : cprnews@mpinfo.org
दूरभाष : आयुक्त : 0755-2556831, पीबीएक्स : 0755-4096300